# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),

निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail..com

पत्रांक 1 3811 m-3/12      दिनांक 29/05/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बस्ती।

**विषय:-** **दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण में दिनांक 28.05.2026 को प्रकाशित "चोरी की घटनाओं व विवाद में लटकी जलापूर्ति परियोजनाएं" के नकारात्मक क्लीपिंग/ निस्तारण के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 28.05.2026 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण में प्रकाशित "चोरी की घटनाओं व विवाद में लटकी जलापूर्ति परियोजनाएं" शीर्षक के अन्तर्गत नकारात्मक क्लीपिंग के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद बस्ती में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत तीन फर्मे क्रमशः मेसर्स मेघा, मेसर्स VSA एवं मेसर्स जैक्शन विश्वराज द्वारा पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें मेसर्स VSA द्वारा निर्मित विकास खण्ड-परसरामपुर में परवरपारा पेयजल योजना, जो की संचालन एवं अनुरक्षण (O&M) में सम्मिलित है, पर चोरी की घटना संज्ञान में आया है जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी एवं पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पेयजल परियोजनाओं की नियमित जलापूर्ति में आ रही बाधाओं के निराकरण के सम्बन्ध में जनपद-बस्ती में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत समस्त कार्यदायी फर्मों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया जाता रहा है। जिससे आम लोगों तक पेयजल की उपलब्धता सुलभ एवं सुगम हो सकें।

समाचार पत्र में प्रकाशित **विकास खण्ड-बहादुरपुर के रखौना पेयजल योजना** पर सोलर पैनल चोरी की घटना संज्ञान में आयी थी जिसके सम्बन्ध में थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दिया गया है तथा पुलिस विभाग द्वारा जाँच की जा रही है। चोरी की घटना के कुछ ही दिनों बाद कार्यदायी फर्म द्वारा रखौना पेयजल योजना पर नया सोलर पैनल लगवा दिया गया है। रखौना पेयजल योजना की भौतिक प्रगति का विवरण निम्नानुसार है-

**1. जनपद के विकास खण्ड- बहादुरपुर के अन्तर्गत रखौना ग्राम पंचायत पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति-**

- स्वीकृत वर्ष - 2020-21
- स्वीकृत लागत - रु० 250.56 लाख
- कार्यदायी फर्म - मेसर्स मेघा इंजी० इन्फ्रा० लि०, फेज-2
- सम्मिलित राजस्व ग्राम - (5) रखौना, खुर्दवा, कुसमही बुजुर्ग, डिहवा, कुसमही खुर्द

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप | 01 नग | पूर्ण |
| 2 | शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 200 KL/12m) | 01 नग | पूर्ण |
| 3 | वितरण प्रणाली | 10.295 किमी० | 13.441 किमी० |
| 4 | पम्पहाउस | 01 नग | पूर्ण |
| 5 | बाउन्ड्रीवाल | 01 नग | पूर्ण |
| 6 | सोलर सिस्टम (20 KW) | 01 नग | पूर्ण |
| 7 | स्टैण्ड पोस्ट | 02 | 04 पूर्ण |
| 8 | गृह संयोजन | 466 नग | 251 नग |

उक्त योजना से वर्तमान में जलापूर्ति की जा रही है। शेष गृह संयोजन लगाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है कि शीघ्र ही पाईप लाईन बिछाकर शेष गृह संयोजन ग्रामवासियों को उपलब्ध करा दिया जाये।







Scanned with OKEN Scanner

2. जनपद के विकास खण्ड- परसरामपुर के अन्तर्गत रिधौरा ग्राम पंचायत पेयजल योजना पर मेसर्स VSA Infra Project- SCL (JV) द्वारा केवल नलकूप का कार्य कराया गया है। भूमि विवाद के कारण मामला मा० उच्च न्यायालय में विचाराधीन है जिसके कारण कार्य वर्तमान में कार्य बन्द है।

3. जनपद के विकास खण्ड- साऊँघाट के अन्तर्गत बटेला ग्राम पंचायत पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति-

- स्वीकृत वर्ष - 2022-23
- स्वीकृत लागत - रु० 179.80 लाख
- कार्यदायी फर्म - मेसर्स मेघा इंजी० इन्फ्रा० लि०, फेज-3
- सम्मिलित राजस्व ग्राम- (2) बटेला, मलिक चकेवा

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप (360LPM) | 01 नग | पूर्ण |
| 2 | शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 125 KL/12m) | 01 नग | 10% |
| 3 | वितरण प्रणाली | 5.680 किमी० | 5.899 किमी० |
| 4 | पम्पहाउस | 01 नग | पूर्ण |
| 5 | बाउन्ड्रीवाल | 01 नग | पूर्ण |
| 6 | सोलर सिस्टम (13 KW) | 01 नग | पूर्ण |
| 7 | गृह संयोजन | 278 नग | 210 नग |





4. जनपद के विकास खण्ड- साऊँघाट के अन्तर्गत सरैया ग्राम पंचायत पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति-

- स्वीकृत वर्ष - 2021-22
- स्वीकृत लागत - रु० 197.03 लाख
- कार्यदायी फर्म - मेसर्स मेघा इंजी० इन्फ्रा० लि०, फेज-3
- सम्मिलित राजस्व ग्राम- (2) सरैया, सथवलिया

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप (360LPM) | 01 नग | पूर्ण |
| 2 | शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 125 KL/12m) | 01 नग | 05% |
| 3 | वितरण प्रणाली | 7.40 किमी० | 4.50 किमी० |
| 4 | पम्पहाउस | 01 नग | पूर्ण |
| 5 | बाउन्ड्रीवाल | 01 नग | पूर्ण |
| 6 | सोलर सिस्टम (13 KW) | 01 नग | पूर्ण |
| 7 | गृह संयोजन | 289 नग | 0 नग |

Scanned with OKEN Scanner

अवगत कराना है कि पिछले वर्ष से अधिक समय से बटेला एवं सरैया पेयजल योजना पर धनावंटन न होने के कारण कार्य की प्रगति अपेक्षाकृति धीमी है। जिसे लक्षित समयान्तर्गत पूर्ण करा लिया जायेगा। समस्त कार्यों को पूर्ण कराने हेतु फर्म को निर्देशित किया जा चुका है।





जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**संलग्नक: उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(योगेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-**

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner